प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 28.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

जयपुर दिल्ली हाईवे पर आज एक निजी स्लीपर बस में आग लगने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और 12 यात्री गम्भीर रूप से झुलस गयें इनमें से पांच लोगों को जयपुर रैफर किया गया हैं हादसा मनोहरपुर के टोडी गांव में बस के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से हुआं कोटपूतली बहरोड़ से हमारे संवाददाता ने बताया कि बस उत्तरप्रदेश के पीलीभीत से मजदूरों को लेकर शाहपुरा आ रही थीं सूचना मिलते ही दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गयां

......

इस बीच कलकत्ता दौरे पर गये मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने टेलीफोन पर हादसे की पूरी जानकारी लीं उन्होंने घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि दुर्घटना के कारणो की गहन जांच की जायेगीं

......

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया हैं उन्होंने कहा कि इस समस्या से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही हैं आज नई दिल्ली में **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन–आईएसए सभा** के आठवें सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत इस दिशा में कई कदम उठा रहा हैं भारत मंडपम में हो रहे इस चार दिवसीय वैश्विक आयोजन में दुनिया भर के 124 देशों के प्रतिनिधि और 40 से अधिक मंत्री भाग ले रहे हैं यह सम्मेलन वैश्विक समुदाय के सहयोग को मजबूत करने और टिकाऊ भविष्य के लिए सौर ऊर्जा को बढावा देने के लिए आयोजित किया गया हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज़ कॉम्पटीशन में भाग लेने का आग्रह किया हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि दूसरा विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का शानदार अवसर हैं इस महीने की 31 तारीख तक क्विज़ में भाग लिया जा सकता हैं ये प्रतियोगिता अगले साल 10 से 12 जनवरी तक आयोजित की जायेगीं

0000

भारत से स्मार्ट फोन का निर्यात अब एक अरब 80 करोड़ अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया हैं केंद्रीय इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ये जानकारी दीं उन्होंने एक राष्ट्रीय दैनिक के लेख को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि भारत से निर्यात होने वाली सभी वस्तुओं में से तीसरा सबसे ज्यादा निर्यात अब इलैक्ट्रॉनिक वस्तुओं का हो रहा हैं उन्होंने बताया कि इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्माण देश में शुरू होने से इस क्षेत्र में हजारों नई नौकरियों की उम्मीद हैं

0000

राज्य में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर बरसात हुईं बूदी और भीलवाडा जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गईं सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर पानी बूंदी के नेनवा में बरसां भीलवाडा के कोटडी में 12, चित्तौडगढ के निम्बाहेडा और गंगरार तथा डूंगरपुर के निठुवा और सागवाडा में 11–11 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुईं उदयपुर, बारां, कोटा, बूंदी और झालावाड जिले में भी अनेक स्थानों पर अच्छी बारिश हुईं मौसम विभाग ने आज उदयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार जताये हैं अजमेर, जयपुर, भरतपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की बरसात की संभावना हैं

**00000**